मंगलवार
नालन्दा, 04.02.2025
नालन्दा नं0-1 अखबार
अपना शहर अपना खबर
# अपना नालन्दा
पेज-01 वर्ष:1, अंक:10
www.apnanalanda.com

# शिक्षा ही व्यक्ति और समाज को सशक्त बनाने का माध्यम :–आरिफ मोहम्मद खान

**संवाददाता, बिहारशरीफ**

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। प्राचीन काल से ही भारत ज्ञान और संस्कृति का केंद्र रहा है, जिसकी परंपराएं आज भी दुनिया को राह दिखा रही हैं। इसी संदर्भ में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने सोमवार को पीटीजेएम सरस्वती विद्या मंदिर, राजगीर में आयोजित




वार्षिकोत्सव श्अंतराग्निश का उद्घाटन करते हुए कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति और समाज को सशक्त बनाने का माध्यम है। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर और माँ भारती को श्रद्धासुमन अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की संस्कृति और शिक्षा ही इसकी आत्मा हैं, जिनके कारण यह राष्ट्र सदियों से समृद्ध और जीवंत बना हुआ है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल साक्षरता का माध्यम नहीं बल्कि संस्कार और नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने की प्रक्रिया भी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि विद्या व्यक्ति को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाती है, जिससे वह विषम परिस्थितियों में भी टिक सकता है। राज्यपाल ने यूनान और मिस्र की संस्कृति का उदाहरण देते हुए कहा कि ये सभ्यताएं भारत से पुरानी होने के बावजूद लुप्त हो गईं, लेकिन भारत की संस्कृति आज भी अक्षुण्ण बनी हुई है। उन्होंने आदि शंकराचार्य के विचारों को उद्धृत करते हुए कहा कि ऋग्वेद ही शिक्षा का आधार है और आत्मा ही ज्ञान का मूल स्रोत। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि भारत की संस्कृति को जीवंत बनाए रखने के लिए हमें शिक्षा और संस्कारों को अपनाना होगा। उन्होंने सरस्वती विद्या मंदिर की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान न केवल बच्चों को शिक्षित करता है बल्कि उन्हें संस्कारों और नैतिक मूल्यों से भी जोड़ता है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को शिक्षा और संस्कार का सही मार्गदर्शन दें, क्योंकि यही उनके उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है। कार्यक्रम के दौरान उत्तर–पूर्व क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्यालीराम ने भी शिक्षा और संस्कारों की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्या केवल अक्षर ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें जीवन को सही दिशा देने की शक्ति भी निहित है। ख्यालीराम ने पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर देते हुए पॉलिथीन के बहिष्कार और अधिक से अधिक वृक्षारोपण की अपील की। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति और पर्यावरण का संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है, और इसके लिए हमें सामूहिक प्रयास करने होंगे। कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिनमें नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अभय कुमार सिंह,



कुलसचिव डॉ. आर. पी. सिंह परिहार, जिलाधिकारी शशांक शुभंकर, पुलिस अधीक्षक भारत सोनी, भारतीय शिक्षा समिति के प्रदेश सचिव प्रदीप कुमार कुशवाहा, नालंदा के विभाग प्रमुख राजेश कुमार और मीडिया प्रमुख बीरेंद्र प्रताप सिंह शामिल थे। विद्यालय के सचिव प्रो. राणा पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने राज्यपाल को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें भारतीय संस्कृति, कला और परंपराओं की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने संस्कृतिक नृत्य, भजन–कीर्तन और नाटक प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत ष्ब्रह्मर्षि विश्वामित्रष और ष्रघुकुल रीति सदा चली आईष नाट्य प्रस्तुतियों ने भारतीय परंपराओं की गरिमा को जीवंत कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य अनंत कुमार सिन्हा ने मंच से सभी गणमान्य अतिथियों का परिचय कराया और विद्यालय की उपलब्धियों को साझा किया।

## इस्लामपुर पुलिस पर निर्दोष मजदूर की पिटाई का आरोप, एसपी ने दिए जांच के आदेश

**संवाददाता, इस्लामपुर**

इस्लामपुर (अपना नालंदा) एक ओर जहां सरकार पुलिस और जनता के बीच मित्रवत संबंधों को प्रोत्साहित करने की बात करती है, वहीं इस्लामपुर पुलिस पर एक निर्दोष मजदूर को थाने में लाकर बेरहमी से पीटने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस ने उसे अकारण हिरासत में लेकर लाठी–डंडों से बेरहमी से पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित रंजय कुमार उर्फ पिंटू कुमार, जो कि कोबिल गांव निवासी स्व. अशोक सिंह का पुत्र है, नगर परिषद द्वारा निर्धारित वाहन पड़ाव में टैक्स वसूली का कार्य करता था। शनिवार को इस्लामपुर पुलिस ने उसे अचानक पकड़कर थाने ले आई। पीड़ित के अनुसार, थानाध्यक्ष के निर्देश पर पुलिस ने उसे केवई मोड़ से जबरन हिरासत में लिया और थाना परिसर ले जाकर पहले गाली–गलौज और थप्पड़ मारे। दस हजार रुपये लेकर बॉन्ड पेपर पर कराया साइन पीड़ित ने बताया कि गंभीर चोटें आने के बाद पुलिस ने उसे छोड़ने के लिए दस हजार रुपये की मांग की। जबरन पैसे लेने के बाद एक बॉन्ड पेपर पर



हस्ताक्षर करवाया गया और धमकी दी गई कि अगर इस घटना की चर्चा की, तो अगली बार और भी कठोर पिटाई होगी। गंभीर रूप से घायल पीड़ित पुलिस अधीक्षक भारत सोनी के पास पहुंचा और पूरी घटना की जानकारी दी। उसने अपने शरीर पर लाठी–डंडों के निशान दिखाए, जिसे देखकर वहां मौजूद लोगों के रोंगटे खड़े हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने पुलिस उपाधीक्षक को निष्पक्ष जांच करने और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस घटना ने नगर में आक्रोश फैला दिया है। आम जनता पुलिसिया कार्यशैली पर सवाल उठा रही है और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रही है।

## डीपीएस प्ले स्कूल व डीपीएस पब्लिक स्कूल के नए भवन का एसडीओ ने किया उद्घाटन




**संवाददाता, हिलसा**

हिलसा (अपना नालंदा)।शहर के डीपीएस कॉलोनी स्थित डीपीएस पब्लिक स्कूल व डीपीएस प्ले स्कूल के नए भवन का शुभारम्भ किया गया। जिसका विधिवत् उद्घाटन एसडीओ प्रवीण कुमार, डॉ आशुतोष कुमार मानव ने लाल फीता काटकर किया।इस दौरान विद्यालय की ओर से अनुमंडल पदाधिकारी एवं जिला आइकन को अंग वस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण कुमार नए भवन में घूमकर निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बदलते परिवेश के अनुसार बच्चों के अंदर बेहतर शिक्षा के साथ बेहतर गुणवत्ता को ख्याल में रखते हुए आधुनिक सुविधाओं से लैस सुविधा प्रदान विद्यालय में बहुत है। उन्होंने विद्यालय के निर्देशक को विभिन्न प्रकार दिशा निर्देश भी दिए हैं। विद्यालय के निर्देशक विजय भास्कर ने बताया कि विद्यालय में कंप्यूटर क्लास, आधुनिक सुविधाओं से लैस लैव की व्यवस्था विषय अनुसार, डिजिटल प्रोजेक्टर के माध्यम से प्ले बच्चों को स्वर्ण वर्ण व्यंजन, अल्फाबेटिकल, रेंडमस, इत्यादि के बारे में चलचित्र के माध्यम से दिखाया जाता है एवं वर्ग 1 से लेकर 10 तक के बच्चे को विषय अनुसार वीडियो एवं शिक्षक के द्वारा दिखाकर विशेष रूप से जानकारी दिया जाता है। छोटे–छोटे बच्चों को खेलने के लिए कई प्रकार के सामग्री एवं कई सुविधाएं उपलब्ध है। एसडीओ ने मां शारदे की प्रतिमा पर पूजा अर्चना किया। इस मौके पर प्राचार्या संतोष कुमार, विकास कुमार ,सुमन कुमार, प्रमोद कुमार ,विमल कुमार , सुमंत कुमार ,चंदेश्वर प्रसाद, सास्कृती, ज्योति, मंजू सहित सैंकड़ों छात्र–छात्राओं उपस्थित थे।

## आकाश विद्यापीठ में धूमधाम से संपन्न हुआ सरस्वती पूजन, विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर लिया भाग



**संवाददाता, बिहारशरीफ**

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिले के धनेश्वर घाट स्थित आकाश विद्यापीठ में सोमवार को बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती का भव्य पूजन संपन्न हुआ। विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर श्रद्धा और उत्साह के साथ पूजनोत्सव मनाया। इस दौरान पूरे परिसर में भक्ति और उल्लास का वातावरण बना रहा। विद्यालय के निदेशक अभय शंकर प्रसाद समेत सभी शिक्षकों की भागीदारी से यह आयोजन सफल रहा। पूजन के बाद विद्यार्थियों के बीच प्रसाद वितरण किया गया और मां सरस्वती से विद्या, बुद्धि और सफलता का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए विशेष प्रार्थना की गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं, जिसमें भजन और सरस्वती वंदना शामिल थीं। विद्यालय के निदेशक अभय शंकर प्रसाद ने कहा कि आकाश विद्यापीठ शहर का एकमात्र ऐसा संस्थान है, जहां ष्प्रगति नहीं तो फीस नहींष की नीति के तहत शिक्षा दी जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024–25 के लिए नामांकन प्रारंभ हो चुका है और यह नामांकन पूरी तरह निःशुल्क है।

BEENFELD®
FIRE SAFETY AND SERVICES
All Types of Fire Extinguisher, Hydrant, Hoses, Refills, Complete Fire Protection & Safety Items
2nd Floor
Add: Bahadurpur Housing Colony, Bhoothnath Road, Patna 800026
+91 9241 666317 | +91 93414 92504 www.beenfeldfireservice.in

# हिलसा में खुली अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस रिचा लाइब्रेरी।



**संवाददाता, हिलसा**

हिलसा ( अपना नालंदा) ।शहर के हनुमान नगर में सोमवार को रिचा लाइब्रेरी का शुभारम्भ किया गया, जिसका विधिवत उद्घाटन मुख्य पार्षद धनंजय कुमार एवं नालंदा के ब्रांड ऐंबेसडर सह समाजसेवी डा. आशुतोष कुमार मानव ने फीता काटकर किया। इस मौके पर मुख्य पार्षद धनंजय कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों में स्वाध्याय की प्रवृत्ति जागृत करने में पुस्तकालय सबसे बड़ा सहायक होता है। यहाँ आकर छात्र न केवल खुद की मेधा शक्ति को बढ़ा सकते हैं बल्कि सामूहिक स्वाध्याय की भावना भी विकसित कर सकते हैं। मानव ने कहा कि किताबें विद्यार्थियों के सामने ज्ञान तथा सम्यक् विचारों का एक भण्डार प्रस्तुत करती हैं जिसके सहारे मानव जीवन को परिष्कृत किया जा सकता है। पुस्तकालय के माध्यम से हम अपने विश्राम के समय का सदुपयोग करना सीखते हैं। यह ज्ञान का एक ऐसा मंदिर है जहां आकर मौन – वाचन की कला विकसित होती है। संचालक विकाश कुमार ने बताया कि वाई– फाई एसी सहित अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस सभी विद्यार्थियों के लिए उचित मार्गदर्शक के साथ साथ अलग अलग सीट की व्यवस्था की गयी है। इस मौके पर विकाश कुमार, आशीष कुमार, चंदन कुमार, रूपेश पटेल, सूरज कुमार समेत दर्जनों लोग मौजुद थे।

# मोस्ट डिवाइन पब्लिक स्कूल, बिहारशरीफ का 10वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**संवाददाता, बिहारशरीफ**

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। मोस्ट डिवाइन पब्लिक स्कूल, बिहारशरीफ का 10वां वार्षिकोत्सव भव्य रूप से मनाया गया। इस अवसर पर भारतीय स्वतंत्र शिक्षण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत मानस, संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ. शिव कुमार प्रसाद सिन्हा, और संरक्षिका श्रीमती रेखा भारती कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि भारत मानस ने अपने संबोधन में कहा कि यह विद्यालय पिछले 10 वर्षों से निरंतर प्रगति की दिशा में बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यहां के प्रबंधन की कार्यकुशलता और शिक्षकों की कड़ी मेहनत का परिणाम है कि इस विद्यालय के छात्र–छात्राएं न केवल उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, बल्कि विभिन्न उच्च संस्थानों में अध्ययनरत हैं और कई छात्र–छात्राएं उच्च पदों पर आसीन हैं। विद्यालय के निदेशक और पूर्व सेनानी इंद्रजीत कुमार ने इस अवसर पर सभी अतिथियों और अभिभावकों का तहे दिल से स्वागत किया। उन्होंने विद्यालय की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह विद्यालय छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा तत्पर है। समारोह में छात्रों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने सराहा। इस वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों के साथ–साथ उनके अभिभावकों और विद्यालय के सभी कर्मचारियों ने मिलकर विद्यालय की सफलता के 10 वर्षों का जश्न मनाया।

# बनौली गांव में नवनिर्मित मंदिर में हुई शिव परिवार और हनुमान की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा, भव्य अनुष्ठान संपन्न



श्रद्धालुओं ने 'मन में बसा के तेरी मूर्ति, भगवान करूं मैं तेरी आरती' का भजन गाकर आरती की

**संवाददाता, बिहारशरीफ**

बिहारशरीफ (अपना नालंदा) बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर राजगीर प्रखंड के बनौली गांव में पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के साथ भोलेनाथ, माता पार्वती, गणेश जी, कार्तिकेय और श्रीराम भक्त हनुमान जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। जैसे ही प्राण प्रतिष्ठा की गई, पूरा गांव हर–हर महादेव और जय बजरंगबली के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा। नवनिर्मित मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्रतिमाओं को स्थापित कर पूजा–अर्चना की गई। सभी देवताओं का तीर्थ जल और सुगंधित द्रव्यों से अभिषेक किया गया। प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत भगवान शिव का रुद्राभिषेक हुआ और चंदन का लेप लगाकर दिव्य श्रृंगार किया गया। भोग अर्पण के बाद श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से ष्मन में बसा के तेरी मूर्ति, भगवान करूं मैं तेरी आरतीष का भजन गाकर आरती की। यजमान के रूप में इंजीनियर संतोष कुमार और उनकी पत्नी सोनम कुमारी ने विधिवत पूजा–अर्चना की। अनुष्ठान के अंतिम दिन आचार्य मनोज पांडेय के नेतृत्व में हवन और महायज्ञ का आयोजन हुआ। इसके पश्चात विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मिशन हरियाली, नूरसराय द्वारा करीब 2,500 अमरूद के पौधे वितरित किए गए। भगवान की शोभायात्रा ने भक्तों को किया भावविभोर रविवार को प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व शिव परिवार और हनुमान जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पालकी में सजे भगवान शिव, माता पार्वती, गणेश जी, कार्तिकेय और हनुमान जी की प्रतिमाओं को पूरे गांव में गाजे–बाजे के साथ भ्रमण कराया गया। भक्तों ने जगह–जगह पुष्पवर्षा कर आरती उतारी। इसके बाद प्रतिमाओं को मंदिर में स्थापित कर पूजा–अर्चना की गई। भागवत कथा और भजनों से भक्तिमय हुआ वातावरण पांच दिवसीय अनुष्ठान में मथुरा–वृंदावन के कथा वाचक गौतम कश्यप जी महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा का संगीतमय प्रवचन दिया। कथा के दौरान श्रीकृष्ण की लीलाओं का सुंदर चित्रण किया गया, जिससे श्रद्धालु देर रात तक भक्ति में डूबे रहे। इस दौरान विभिन्न धार्मिक झांकियां भी प्रस्तुत की गईं, जिसने आयोजन को और भव्य बना दिया। एसडीओ, डीएसपी समेत कई गणमान्य हुए शामिल मंदिर निर्माण और अनुष्ठान के आयोजन में राजगीर नगर परिषद के वरीय वार्ड पार्षद और बनौली निवासी महेंद्र यादव, मालती देवी, ई. संतोष कुमार, सोनम कुमारी, सरपंच राजीव रंजन कुमार समेत गांव के अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में राजगीर के प्रभारी एसडीओ उपेंद्र सिंह, डीएसपी सुनील कुमार सिंह, छबिलापुर थानाध्यक्ष मुरली मनोहर आजाद, अधिवक्ता सुनील कुमार यादव समेत कई प्रशासनिक अधिकारी एवं समाजसेवी शामिल हुए। यह भव्य आयोजन बनौली गांव के लिए ऐतिहासिक रहा, जिसने श्रद्धालुओं को अध्यात्म और भक्ति की अनुभूति कराई।

# जानकी शिशु महाविहार में धूमधाम से मनाया गया सरस्वती पूजा, बच्चों ने मांगी विद्या की देवी से आशीर्वाद



**संवाददाता, बिहारशरीफ**

जिला मुख्यालय के कागजी मोहल्ला, भैंसासुर स्थित जानकी शिशु महाविहार में गुरुवार को विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा धूमधाम से संपन्न हुई। विद्यालय के छात्रों ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मां सरस्वती की आराधना की और आशीर्वाद मांगा। पूजा के बाद प्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें बच्चों समेत सभी शिक्षकों और अभिभावकों ने भाग लिया। विद्यालय परिसर को रंग–बिरंगी सजावट, फूलों और रोशनी से आकर्षक रूप दिया गया था। सुबह से ही छात्र–छात्राएं परंपरागत परिधान में विद्यालय पहुंचे और पूजा–अर्चना में शामिल हुए। मंत्रोच्चारण और भजन–कीर्तन से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। इस आयोजन में विद्यालय के निदेशक रणधीर रंजन उर्फ मंटू सर, प्राचार्य संजय कुमार, सहायक शिक्षक पवन कुमार पांडे, इंदु भूषण सर, राहुल सर, ममता कुमारी, नेहा कुमारी, स्मिता गुप्ता, शिवानी कुमारी और मुस्कान कुमारी सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे। सभी ने मां सरस्वती की आराधना कर छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के निदेशक रणधीर रंजन उर्फ मंटू सर ने जानकारी दी कि विद्यालय में नए सत्र के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। इस वर्ष विशेष रूप से निःशुल्क नामांकन की सुविधा दी जा रही है, ताकि अधिक से अधिक बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिल सके।



# ब्रिलिएंट ग्रुप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बसंत पंचमी महोत्सव

संवाददाता, बिहारशरीफ



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। स्थानीय ब्रिलिएंट ग्रुप में सोमवार को बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर विद्या की देवी माँ सरस्वती की पूजा–अर्चना भव्य रूप से संपन्न हुई। इस अवसर पर शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भक्ति भाव से माँ सरस्वती की वंदना की और हवन–पूजन में भाग लिया। पूरे विद्यालय परिसर में उल्लास और आध्यात्मिकता का माहौल बना रहा। विद्यालय के निदेशक डॉ. धनंजय कुमार ने इस अवसर पर कहा कि बसंत पंचमी केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण पर्व है। उन्होंने कहा कि इसे अपने जीवन में अपनाना और इसे एक नई दिशा देना हमारा कर्तव्य है। विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. शशि भूषण कुमार ने कहा कि बसंत पंचमी न केवल ऋतुओं का राजा माना जाता है, बल्कि इसके आगमन से प्रकृति में नवजीवन और उल्लास का संचार होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें भी अपने जीवन में नई ऊर्जा और संतुलन बनाए रखना चाहिए, ठीक वैसे ही जैसे बसंत ऋतु में प्रकृति संतुलित और सुंदर होती है। इस अवसर पर मुख्य पुरोहित द्वारा विधिवत पूजा–अर्चना एवं हवन संपन्न कराया गया। इसके बाद बच्चों और अभिभावकों के बीच फल एवं मिष्ठान का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों रंजय सिंह, पवन कुमार, विजय कुमार, किशोर कुमार पांडे, राजकुमार सिंह, राज किशोर सिंह, एस. के. गांगुली, नाजिम सर, मिलन मैडम, नाजिया खान, हिना खान, अर्पणा मैडम, सीमा मैडम, द्राक्ष मैडम, जैनब मिस और रोजी मिस ने सक्रिय योगदान दिया। पूरे आयोजन के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह और आध्यात्मिक ऊर्जा देखने को मिली। कार्यक्रम का समापन माँ सरस्वती के जयकारों और शिक्षकों के प्रेरणादायक संदेशों के साथ हुआ।

# सरस्वती पूजा पर डॉ. सुनील कुमार ने किया शारदे इंटरनेशनल गुरुकुलम विद्यालय का उद्घाटन




संवाददाता, बिहारशरीफ

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। सोमवार को रहुई प्रखंड के उत्तरनावां मोड़ पर सरस्वती पूजा के अवसर पर बिहारशरीफ विधानसभा के विधायक डॉ. सुनील कुमार ने शारदे इंटरनेशनल गुरुकुलम विद्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर भारतीय स्वतंत्र शिक्षण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत मानस, जिलाध्यक्ष डॉ. शिव कुमार प्रसाद सिन्हा, और संरक्षिका श्रीमती रेखा भारती भी उपस्थित थे। विद्यालय के संरक्षक संजीव कुमार सिंह ने सभी अतिथियों को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। उद्घाटन के बाद डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि अब इस क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा के लिए बिहारशरीफ नहीं जाना पड़ेगा, क्योंकि यह विद्यालय उन्हें पास में ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेगा। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन से अपील की कि वे गरीब और मेधावी बच्चों पर विशेष ध्यान दें। भारत मानस ने अपने संबोधन में कहा कि यह विद्यालय स्थानीय लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करेगा और उन्होंने विद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के सभी स्टाफ और छात्र–छात्राएं भी उपस्थित थे।

# पर्यटक नगरी राजगीर में धूमधाम से मनी सरस्वती पूजा, डिजिटल पूजन बना आकर्षण




संवाददाता, बिहारशरीफ

बिहारशरीफ (अपना नालंदा) ।ऐतिहासिक और धार्मिक नगरी राजगीर में सोमवार को बसंत पंचमी के अवसर पर माँ सरस्वती की भव्य पूजा–अर्चना पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुई। शहर के विभिन्न सरकारी एवं गैर–सरकारी विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों और प्रमुख चौक–चौराहों पर विद्यार्थियों ने विद्या और संगीत की देवी माँ सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विधि–विधान से पूजा की। अनुमंडल मुख्यालय सहित पूरे शहर में सुबह से देर शाम तक वैदिक मंत्रोच्चार और पूजन–अर्चन का दौर चलता रहा। पूरे विधि–विधान के साथ माँ सरस्वती की पूजा संपन्न की गई, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस वर्ष चक्रपाणि रेसिडेंशियल स्कूल में डिजिटल सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया, जिसने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। विद्यालय के सचिव डॉ. आनंद शंकर और प्राचार्य मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि डिजिटल पूजा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सार्थक पहल है। इससे प्रतिमा विसर्जन की समस्या, ध्वनि प्रदूषण और जल स्रोतों में गंदगी फैलने जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है। ऑल सेंट्स स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, नालंदा पब्लिक स्कूल, निभा फार्मेसी कॉलेज, वासुदेव नारायण इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, डॉ. भीमराव अंबेडकर अनुसूचित जाति आवासीय बालिका विद्यालय, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय और पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सहित कई शिक्षण संस्थानों में भव्य सरस्वती पूजन का आयोजन किया गया। इस बार प्रशासन द्वारा डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगाए जाने के कारण पूजा स्थलों पर सादगी और भक्तिभाव का वातावरण देखने को मिला। हालांकि, सरस्वती भक्तों ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर खुशी का इजहार किया। पूरे शहर में भजन–कीर्तन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। बसंतोत्सव के साथ होली गीतों की शुरुआत भी हो गई, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बन गया। पूजा स्थलों के अलावा मठ–मंदिरों में भी भक्तों ने भजन–कीर्तन कर माँ सरस्वती से ज्ञान और बुद्धि का आशीर्वाद मांगा। राजगीर में सरस्वती पूजा का यह भव्य आयोजन पूरे क्षेत्र में सांस्कृतिक और धार्मिक चेतना का संदेश दे गया, जिसमें डिजिटल पहल और पर्यावरण संरक्षण पर भी विशेष जोर दिया गया।

# बाल भारती पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाई गई सरस्वती पूजा

संवाददाता, बिहारशरीफ



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहारशरीफ के बड़ी पहाड़ी स्थित मामू भगना के निकट बाल भारती पब्लिक स्कूल में इस वर्ष भी सरस्वती पूजा बड़े धूमधाम से मनाई गई। यह अवसर छात्रों और शिक्षकों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण था, क्योंकि उन्होंने विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा श्रद्धा और भक्तिभाव से की। पूजा के दौरान विद्यालय के वातावरण में एक धार्मिक और उत्साही माहौल था। विद्यालय के निदेशक मनीष कुमार गौतम ने इस अवसर पर कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा बड़े हर्षोल्लास के साथ की गई। उन्होंने उम्मीद जताई कि मां सरस्वती की कृपा से छात्रों के जीवन में नई उमंग और उत्साह आएगा और उनकी बुद्धि और ज्ञान में सकारात्मक बदलाव होगा। पूजा कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने श्रद्धा के साथ देवी सरस्वती की आराधना की और एक–दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया, जिससे स्कूल के परिसर में धार्मिक और सांस्कृतिक माहौल और भी समृद्ध हुआ।







# एक साइबर ठग, स्मार्टफोन, सिम कार्ड, फर्जी एटीएम कार्ड और नगद 74,700 के साथ गिरफ्तार




**संवाददाता, बिहारशरीफ**

बिहारशरीफ (अपना नालंदा) गिरियक थाना क्षेत्र में साइबर अपराधियों के सक्रिय होने की सूचना पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक साइबर ठग को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी बहबलपुर स्थित एसबीआई एटीएम के पास से हुई, जहां आरोपी साइबर फ्रॉड की रकम निकालने आया था। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के पास से एक स्मार्टफोन, दो सिम कार्ड, एक फर्जी एटीएम कार्ड और नगद रु 74,700 बरामद किए। जब मोबाइल नंबरों की जांच साइबर पुलिस पोर्टल पर करने पर पता चला कि इनसे जुड़े कई शिकायतें विभिन्न राज्यों में दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अनुराग कुमार (19 वर्ष), पिता – शंकर प्रसाद, निवासी – गोपालपुर, थाना – वारसलीगंज, जिला – नवादा के रूप में हुई है। आरोपी के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है, वहीं अन्य साइबर ठगों की पहचान के लिए छापेमारी जारी है। गिरफ्तार ठग के पास से उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक का एक एटीएम कार्ड (अर्जुन कुमार दास के नाम पर), रेडमी स्मार्टफोन (एयरटेल सिम नंबर – 7050608361, IMEI: 862082041542742 / 862082041542759), जियो सिम कार्ड: 89918560400647348696, एयरटेल सिम कार्ड: 8991000922629028876 बरामद किया गया है। छापेमारी दल में साकेन्द्र कुमार बिंद दृ थाना प्रभारी, गिरियक,विभाकर चौधरी दृ सहायक अवर निरीक्षक, निशांत भूषण ज्ञानेन्द्र दृ सहायक अवर निरीक्षक सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# दो बच्चों के विवाद में हिंसक झड़प, जमकर हुई रोड़ेबाजी, लाठी-डंडे चले

**संवाददाता, हरनौत**

हरनौत (अपना नालंदा)। रविवार की शाम हरनौत थाना क्षेत्र के बीच बाजार में दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला हिंसक झड़प में बदल गया। इस दौरान जमकर रोड़ेबाजी हुई और लाठी–डंडे चले। एक पक्ष ने फायरिंग करने का भी आरोप लगाया, हालांकि पुलिस को इस संबंध में कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिले हैं। बताया जाता है कि कुछ किशोर आपस में बातचीत कर रहे थे। मजाक–मजाक में उनकी बहस हो गई, जो धीरे–धीरे शोरगुल में बदल गई। हंगामा बढ़ने पर बड़े भी इसमें कूद पड़े, जिससे मामला और गंभीर हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह घटना आपसी वर्चस्व की लड़ाई का परिणाम है। दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से तनाव था, जिसे इस मामूली विवाद ने भड़का दिया। झड़प के दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर घर में घुसकर तोड़फोड़ करने और महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तोड़फोड़ की घटना को स्वीकार किया है लेकिन फायरिंग के कोई ठोस सबूत न मिलने की बात कही है। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी एसएचओ गणेश राय मौके पर पहुंचे और भीड़ को शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन स्थिति बेकाबू होती देख उन्हें पीछे हटना पड़ा। बाद में इंस्पेक्टर रामाशंकर सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने स्थिति को नियंत्रित किया और पूरी रात शांति बनी रही। पुलिस ने दोनों पक्षों से लिखित शिकायत देने को कहा था, लेकिन सोमवार शाम तक केवल एक पक्ष से आवेदन प्राप्त हुआ। बीच बाजार निवासी रवि शास्त्री की पत्नी श्वेता सुष्मिता ने 12 नामजद और अन्य अज्ञात लोगों पर उनके घर में घुसकर तोड़फोड़ करने, फायरिंग करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। प्रभारी एसएचओ गणेश राय के अनुसार, दूसरे पक्ष की ओर से अभी तक कोई शिकायत नहीं दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई जारी है।

**अपनी कविता शायरी रचनाएं एवं विज्ञापन के लिए हमारे व्हाट्सएप नंबर पर भेजें :-**

apnanalandaofficial881@gmail.com

70705 72018

